# मैग्नेटर्स से संबंधित एस्ट्रोसैट की खोज

**स्रोत: पी.आई.बी.**

**एस्ट्रोसैट**, भारत की पहली **मल्टी-वेवलेंथ अंतरिक्ष-आधारित वेधशाला** ने एक अल्ट्राहाई चुंबकीय क्षेत्र (मैग्नेटर) के साथ एक नए और अद्वितीय **न्यूट्रॉन तारे** से चमकीला मिली **सेकंड एक्स-रे विस्फोट** का पता लगाया है।

- वैज्ञानिकों ने एस्ट्रोसैट पर लगे दो उपकरणों का उपयोग करके इस मैग्नेटर का समय और वर्णक्रमीय विश्लेषण किया:
- **लार्ज एरिया एक्स-रे प्रपोर्सन काउंटर (LAXPC)** और **सॉफ्ट एक्स-रे दूरबीन (SXT)**।

## मैग्नेटर क्या हैं?

- **मैग्नेटर** न्यूट्रॉन तारे होते हैं जिनका चुंबकीय क्षेत्र अति उच्च होता है जो **स्थलीय चुंबकीय क्षेत्र** (पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र से एक-चौथाई गुना अधिक प्रबल) **से कहीं अधिक प्रबल** होता है।
  - मैग्नेटर्स द्वारा उत्सर्जित उच्च-ऊर्जा विद्युत चुंबकीय विकिरण उनके शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्रों के क्षय के परिणामस्वरूप होता है।
- ये प्रबल अस्थायी परिवर्तनशीलता प्रदर्शित करते हैं, जिसमें आमतौर पर धीमी गति से घूमना, तेज़ी से स्पिन-डाउन, उज्ज्वल लेकिन छोटे विस्फोट तथा महीनों तक चलने वाले विस्फोट शामिल हैं।
- **ऐसा ही एक मैग्नेटर**, जिसे **SGR J1830-0645** कहा जाता है, अक्तूबर **2020 में NASA के स्विफ्ट अंतरिक्ष यान द्वारा खोजा गया** था।
  - यह अपेक्षाकृत युवा (लगभग 24,000 वर्ष) और एक पृथक न्यूट्रॉन तारा है।

**नोट:** न्यूट्रॉन तारा एक **सघन तथा संहत तारकीय पिण्ड** है **जो सुपरनोवा विस्फोट के** बाद **एक विशाल तारे के क्रोड के अवशेषों से निर्मित होता है** । ये तारे ब्रह्मांड में ज्ञात सबसे घने पिंडों में से हैं, जो एक **विशाल द्रव्यमान को** अपेक्षाकृत **छोटे आकार में समेटते हैं**।

- **वर्ष 1967 में पल्सर की खोज** ने न्यूट्रॉन तारों के अस्तित्व का पहला साक्ष्य प्रदान किया। पल्सर वे न्यूट्रॉन तारे हैं जो प्रत्येक घूर्णन में एक बार विकिरण के स्पंदन उत्सर्जित करते हैं।

## एस्ट्रोसैट क्या है?

- **परिचय:** एस्ट्रोसैट (AstroSat) पहला समर्पित **भारतीय खगोल विज्ञान मिशन** है जिसका उद्देश्य **एक्स-रे, ऑप्टिकल तथा UV स्पेक्ट्रल बैंड** में आकाशीय स्रोतों का एक साथ अध्ययन करना है।
  - इसे **सितंबर 2015** में **सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा** से PSLV-C30 द्वारा लॉन्च किया गया था।
  - **ISTRAC बंगलूरू** में स्थित मिशन संचालन केंद्र एस्ट्रोसैट के संचालन के कार्य का प्रबंधन करता है।

**पेलोड:**




- **एस्ट्रोसैट की प्रमुख वैज्ञानिक टिप्पणियाँ:**
    - **गैस धाराओं में बनते हुए धब्बेदार तारे,** आकाशगंगा समूहों के व्यवहार के बारे में अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं।
    - इसे **एंड्रोमेडा गैलेक्सी के उभार में 75,000 से अधिक युवा तारे मिले**, जो कि पहली खोज थी।
    - **बाइनरी सिस्टम में** [ब्लैक होल](#) को LAXPC और SXT पेलोड द्वारा अधिकतम संभव तेज़ी के साथ घूमते हुए देखा गया।

## सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. हाल ही में वैज्ञानिकों ने पृथ्वी से अरबों प्रकाश-वर्ष दूर विशालकाय 'ब्लैक होल्स के विलय का प्रेक्षण किया। इस प्रेक्षण का क्या महत्त्व है?**

(a) हिग्स बोसॉन कणों का अभिज्ञान हुआ।
(b) गुरुत्वीय तरंगों का अभिज्ञान हुआ।
(c) 'वॉर्महोल' से होते हुए अंतरा-मंदाकिनीय अंतरिक्ष यात्रा की संभावना की पुष्टि हुई।
(d) इसने वैज्ञानिकों को 'विलिक्षणता (सिंगुलैरिटि)' को समझने में सक्षम बनाया।

**उत्तर: (b)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/magnetars-and-related-astrosat-s-discovery